## एक नजर में

### लापरवाह 5 बीएलओ को कारण बताओ नोटिस


**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक श्रोत्रिय ने निर्वाचन जैसे अति महत्वपूर्ण कार्य में रूचि न ली जाकर घोर लापरवाही एवं स्वैच्छाचारिता बरती जाने पर 5 बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी किए। साथ ही निर्देशित किया कि संबंधित बीएओ अपना उत्तर 3 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें। आपके द्वारा नियत समयावधि में उत्तर प्राप्त न होने पर नियमानुसार एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी।**

तदनुसार श्रीमती रामलली पटैरिया सहाशिक्षक माशाला महाराजपुरा नियुक्त बीएलओ भाग संख्या-40, श्रीमती सरिता पुरोहित प्राशिक्षक प्राशाला तखा नियुक्त बीएलओ भाग संख्या-12, देवेन्द्र सिंह बुन्देला सहाशिक्षक माशाला गोपालपुरा नियुक्त बीएलओ भाग संख्या-45, श्रीमती गीता पटैरिया प्राशिक्षक शामाध्यमिक शाला हीरानगर नियुक्त बीएलओ भाग संख्या-72 तथा श्रीमती उषा जैन, प्राशिक्षक प्राशाला तखा नियुक्त बीएलओ भाग संख्या-12 जिला को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक श्रोत्रिय ने निर्वाचन जैसे अति महत्वपूर्ण कार्य में रूचि न ली जाकर घोर लापरवाही एवं स्वैच्छाचारिता बरती जाने पर 5 बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी किए।

# 20 दिन से अधिक बीत जाने के बाद नहीं लगा लापता का सुराग

**बच्ची के परिजनों ने बंधक बनाने का लगाया आरोप**

**पीड़ित परिवार दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर**



प्रति,
श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय
टीकमगढ़ जिला टीकमगढ़ म.प्र.

विषय – आवेदकगण की पुत्री भागवतीदेवी कुशवाहा को बहला–फुसलाकर अवैध चंगुल से मुक्त कराये जाने बावत एवं विधिवत कानूनी कार्यवाही कराये जाने बावत्।

महोदय,

आवेदकगण अपने आवेदन पत्र में सादर निम्न विनय करते है–

1. यह कि आवेदकगण पति–पत्नी है और ग्राम खाकरौन थाना मोहनगढ़ जिला टीकमगढ़ म.प्र. के मूल निवासी है।

2. यह कि दिनांक 25.10.2025 के करीब शाम 4 बजे आवेदकगण की पुत्री भागवतीदेवी कुशवाहा घर से भैंस चराने के लिये खेत पर गई थी जो लौटकर वापिस नहीं आई जिसकी तलाश की गई और पुत्री का पता न लगने पर आवेदकगण की ओर से पुलिस थाना मोहनगढ़ में दिनांक 26.10.2025 को गुमशुदा की रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

3. यह कि आवेदकगण ने एवं रिश्तेदारो ने पुत्री की खोजबीन की तो आवेदकगण को ऐसी जानकारी मिली है कि आवेदकगण की पुत्री गुम नहीं हुई है बल्कि पुत्री को सरमन तनय गोविन्दी कुशवाहा मो.नं.–7988036308, रामकुमार तनय सरमन कुशवाहा मो.नं.–7056360496, 7415033791, सुनीता पुत्री सरमन कुशवाहा, अंगद तनय देवी कुशवाहा मो.नं.–9340991411, नारायणदास तनय गुडडी कुशवाहा निवासीयान–ग्राम पैतपुरा थाना चंदेरा जिला टीकमगढ़ म.प्र. के अवैध चंगुल में रखे हुये है और इन सभी का सहयोग रामकुमार कुशवाहा की साली नीशू कुशवाहा जो कि वर्तमान में चित्रकूट जिसका मोबाईल नं. 7992019797 है

........ 2

शिकायत शाखा
कार्यालय, टीकमगढ़
04/11/25



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़/ मोहनगढ़**
**तहसील मोहनगढ़ क्षेत्र के एक ग्राम में निवासरत परिवार ने अपनी बच्ची को अगुवा कर कुछ लोगों पर बंधक बनाने का आरोप लगाया है। साथ ही पीड़ित परिवार ने इस मामले को लेकर मोहनगढ़ थाना पुलिस के अलावा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायती आवेदन देकर न्याय दिलाए जाने की गुहार लगाई है। यह मामला ग्राम खाकरोंन का बताया जा रहा है।**

दरअसल मोहनगढ़ थाना क्षेत्र की बंधा चौकी अंतर्गत आने वाले खाकरोंन गांव से 21 वर्षीय युवती के लापता होने का मामला सामने आया है, पीड़ित परिवार की शिकायत पर मोहनगढ़ पुलिस ने गुमशुदी का मामला दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित परिजनों ने जानकारी देते हुए बताया कि 25 अक्टूबर की शाम 4 बजे बेटी भेस चरा कर घर वापिस लौट रही थी उसी समय रस्ते से रामकुमार पिता सरमन कुशवाहा निवासी पेतपुरा अपने रिश्तेदारों के साथ आया और बेटी को अगुवा कर ले गया। जानकारी लगाने पर पता चला कि बेटी को किसी बंद कमरे में सुनसान जगह पर हाथ पैर बाध कर उक्त लोग अपने चंगुल में रखे हुए है और प्रताड़ित कर रहे है। जिसकी शिकायत मोहनगढ़ थाना पुलिस के साथ पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ से की गई लेकिन आज दिनांक तक पुलिस के द्वारा बेटी को ढूंढने में कोई मदद नहीं की गई।

परिजनों का आरोप है कि इस पूरे मामले में आरोपी रामकुमार की रिश्तेदारी ग्राम खाकरोंन निवासी अंगद कुशवाहा पत्नी सुनीता कुशवाहा के यहां है इन्हीं लोगों के षड्यंत्र से बेटी को अगवा किया गया। पीड़ित परिवार ने बेटी को ढूंढने की पुलिस से गुहार लगाई है। तहसील मोहनगढ़ क्षेत्र के एक ग्राम में निवासरत परिवार ने अपनी बच्ची को अगुवा कर कुछ लोगों पर बंधक बनाने का आरोप लगाया है। साथ ही पीड़ित परिवार ने इस मामले को लेकर मोहनगढ़ थाना पुलिस के अलावा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायती आवेदन देकर न्याय दिलाए जाने की गुहार लगाई है। यह मामला ग्राम खाकरोंन का बताया जा रहा है। दरअसल पीड़ित परिजनों ने जानकारी देते हुए बताया कि 25 अक्टूबर की शाम 4 बजे बेटी भेस चरा कर घर वापिस लौट रही थी उसी समय रस्ते से रामकुमार पिता सरमन कुशवाहा निवासी पेतपुरा अपने रिश्तेदारों के साथ आया और बेटी को अगुवा कर ले गया। ऐसा आरोप पीड़ित परिवार द्वारा लगाया जा रहा है। हालाकि मोहनगढ़ थाना पुलिस इस मामले में बैहद गंभीर दिखाई दे रही है। पुलिस ने बताया कि लापता की तलाश करने में पुलिस निरंतर प्रयास कर रही है।

पुलिस ने बातया कि जल्द ही मुखविर तंत्र की मदद से बच्ची की खोजबीन कर ली जाएगी। इस मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने मोहनगढ़ थाना पुलिस को जल्द से जल्द कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

इस मामले में पुलिस से मिली जानकारी के मुताविक पीड़ित परिवार पुलिस की सही ढंग से मदद नहीं कर रहा है। जबकि पुलिस पीड़ित परिवार से कह चुकी है कि वह पुलिस को बंधक बनाने बाले स्थान पर ले चले जहां पुलिस कार्यवाही को अंजाम देगी। वहीं दूसरी ओर पीड़ित परिवार का आरोप है कि इस मामले में कई वार पुलिस को यथास्थिति बता चुके है लेकिन पुलिस क्यो कार्यवाही नहीं कर रही है। इसका कोई पता नहीं है।

लापता के परिजनों का इस मामले में बार-बार यही कहना है कि पुलिस इस मामले में लापरवाही बरत रही है। पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई से न्याय दिलाने की मांग की है। उन्होंनें बताया कि अगर जल्द ही उनकी बच्ची का पता नही लगा तो बह पुलिस के बरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष पेश होकर उनसे शिकायत करेंगे।

### जल्द होगा मामले का पर्दाफाश

उक्त मामले को लेकर जब मोहनगढ़ थाना प्रभारी कमल सिंह ठाकुर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि ऐसा कुछ नहीं है यदि परिजनों को गुमशुदा की जानकारी है तो वह पुलिस को सही जानकारी बताए। पुलिस उनके साथ चलने को तैयार है। थाना प्रभारी श्री ठाकुर ने बताया कि परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आगे की कार्यवाही एवं गुमशुदा की खोजबीन करने में जुटी हुई है। जल्द ही इस मामले का पर्दाफास कर लिया जाएगा।

## टीकमगढ़ जिले की डायरी

### मुख्यमंत्री की मंजूर सड़क पर ब्रेक

टीकमगढ़ जिले की जनता की सुविधा के लिए स्वीकृत एक महत्वपूर्ण सड़क महीनों बाद भी धरातल पर नहीं उतर पाई है। मध्यप्रदेश के मुखिया द्वारा स्वीकृत की गई सड़क कनौरा से विजय मोटे का हार उत्तरप्रदेश की सीमा तक बनाई जानी थी। यहां यह भी उल्लेखित कर दूं कि जिस विधानसभा में यह सड़क आती है उस विधानसभा से विधायक भी भाजपा के हैं। इसके बावजूद भी यह मार्ग अधिकारियों की लचर व्यवस्था के चक्कर में अधर में लटका हुआ है। सूत्र बताते हैं कि जिले के सड़क विभाग के आला-अफसर कार्य शुरू कराने में रुचि नहीं रख रहे हैं। इसलिए मुख्यमंत्री की मंजूर सड़क पर ब्रेक लगा हुआ है। यहां अंत में यही कहेंगे कि मुख्यमंत्री भले ही जनता के सपनों को पूरा करने का दावा करें, लेकिन उनके प्रशासनिक महकमें ने यह सोच बना ली है कि 90 के दशक वाली कार्यप्रणाली आज भी जारी रहेगी।

### कब बनेगी भाजपा जिला कार्यकारिणी

सत्तारूढ़ दल की जिला कार्यकारिणी गठन को लेकर अटकलों का बाजार गर्म हुआ था लोग कह रहे थे कि आज या कल में कार्यकारिणी सबके सामने होगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। लंबा समय बीत जाने के बाद भी जिले की कार्यकारिणी नहीं बन पा रही है। सूत्र बताते हैं कि टीकमगढ़ भारतीय जनता पार्टी में आपसी तालमेल ठीक न होने के कारण कार्यकारिणी गठित करने में प्रदेश भाजपा को पसीना आ रहा है। प्रदेश के पदाधिकारी सबको खुश करने वाली कार्यकारिणी चाहते हैं, लेकिन जिले के नेता उनके समर्थकों को सूची में देखना पसंद कर रहे हैं। शायद यही सबसे बड़ी वजह बनी हुई। इसलिए कार्यकारिणी कब बनेंगी यह कह पाना अब संभव नहीं है।।

### ...आखिर में बात बंडा नाला निर्माण की...

...आखिर में बात हम फिर उसी बंडा नाला निर्माण पर करेंगे, जिसको लेकर राजनीति हुई नेताओं ने प्रदेश स्तर तक खूब सुर्खियां बटोरी पर अभी भी बंडा नाला अपने निर्माण की आस में अधूरा पड़ा हुआ है। बंडा नाला उन नेताओं को कोस रहा है, जो नेता अपने आपको अच्छा और सच्चा समाजसेवी समझते हैं। दो हफ्ते बीत जाने के बाद भी बंडा नाला निर्माण को लेकर कोई भी अच्छी खबर नहीं है। नपा का विपक्ष यही कह रहा है कि जब उनके वार्डों के कार्यों को स्वीकृति मिलेगी, तभी हम इसकी दर स्वीकृति को सहमति देंगे।

**आमिर खान, दैनिक नवभारत**

# नगर परिषद द्वारा प्रतिभाशाली छात्राएं सम्मानित



**नवभारत न्यूज जतारा। भगवान बिरसा मुंडा जयंती के उपलक्ष्य में नगर परिषद् जतारा द्वारा विभिन्न छात्रावासोंकृशासकीय उत्कृष्ट कन्या छात्रावास, आदिवासी कन्या छात्रावास, जूनियर तथा सीनियर कन्या छात्रावास में आयोजित सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली प्रतिभाशाली छात्राओं को सम्मानित किया गया।**

सम्मान समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष अनुराग सुनील नायक रामजी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी पदम कुमार जैन, स्वच्छता प्रभारी राजेश सूत्रकार, सह स्वच्छता प्रभारी रवि अहिरवार, ब्रांड अम्बेसडर कोशलेन्द्र सिंह भदौरिया, उमाशंकर नामदेव सतीश अहिरवार, तथा नगर परिषद् का संपूर्ण स्टाफ सम्मिलित रहा। छात्रावासों की ओर से मधुरी वर्मा, भारती वर्मा, वंसुधरा खटीक, अंजू अग्रवाल सहित सभी स्टाफने कार्यक्रम को सफ ल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजित रंगोली, नृत्य, मेहंदी और निबंध लेखन प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने अपनी प्रतिभाएं रचनात्मकता और सांस्कृतिक समझ का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था आज हुए सम्मान समारोह में चयनित छात्राओं को प्रशस्ति.पत्र, पुरस्कार एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। अधिकारियों ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के आदर्श आज भी समाज को दिशा देने वाले है और ऐसी गतिविधियाँ छात्राओं में नेतृत्व क्षमता, सामाजिक जागरूकता तथा समर्पण की भावना को बढ़ाती हैं। अधिकारियों ने सभी छात्राओं को शिक्षा, अनुशासन और समाज सेवा की राह पर चलने को प्रेरित किया।

## कलेक्ट्रेट सभागार में होगी टीएल की बैठक

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिले के कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में टीएल की बैठक आहूत की जाएगी। जिसमें अधिकारियों को द्वारा आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे।**

प्रत्येक सोमवार की तरह आज सोमवार को प्रदेश शासन के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक का आयोजन किया जएगा। बैठक की अध्यक्षता जिला कलेक्टर करेंगे। बैठक में विकास कार्यो की समीक्षा होगी।

# भारतीय कलाकार संघ की बैठक आहूत

**नवभारत न्यूज, पलेरा। भारतीय कलाकार संघ टीकमगढ़ के नए जिला अध्यक्ष के परिपेक्ष में एक बैठक का आयोजन प्रसन्न जैन के मुख्य निवास डाकघर के सामने किया गया जिसकी अध्यक्षता नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष शेट्टी भैया द्वारा की गई।**

बैठक में सर्व सहमति से टीकमगढ़ जिले का नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय मंच कलाकार, आर्टिस्ट, इंग्लिश गुरु प्रसन्न जैन गोल्ड मेडलिस्ट हैदराबाद को नियुक्त किया गया। भारतीय कलाकार संघ के राष्ट्रीय पदाधिकारी राष्ट्रीय स्टार प्रचारक सुरेश नामदेव ,भूतपूर्व जिला अध्यक्ष शरद कसगर, पूर्व जिला



अध्यक्ष सूरज पेंटर, संरक्षक विश्व बंधु जतारा, आर्टिस्ट जितेंद्र , राघवेंद्र जोहारिया, जग्गू इंडियन आर्ट, कैलाश वंशकार, सत्येंद्र सेन पहाड़ी तिलवारन, गायक एवं व्याख्याता एवं व्याख्याता जयहिंद जोशी , लोकगीत कलाकार आनंद कुमार , गायक एवं चित्रकार राहुल सिंह , एवं चित्रकार जय आर्ट्समौजूद रहे।

## बारिश से फसलों की बुवाई का बढ़ा रकबा

**नवभारत न्यूज टीकमगढ। इस वर्ष अच्छी बारिश के कारण जिले के तालाब और कुएं पानी से लबालब भरे हुए हैं। पर्याप्त जल उपलब्धता के चलते रबी फसलों की बुवाई का रकबा बढ़ गया है, जिससे किसानों को बेहतर पैदावार की उम्मीद है।**

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने जानकारी दी कि जिले में किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जा रही है। सहकारी समितियों के साथ-साथ नगद विक्रय केंद्रों और निजी विक्रेताओं के पास भी खाद उपलब्ध है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 5 से 6 दिनों तक मौसम साफ रहने की संभावना है। अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10 से 11 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है।

# रंगोली प्रतियोगिता सहित पैदल यात्रा आयोजित

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय टीकमगढ में धरती आबा भगवान विरसा मुंडा की 150वीं जयंती के समापन वर्ष में संस्था के प्राचार्य डॉ.के.सी.जैन की अध्यक्षता में एक नवम्बर से 15 नवंबर तक विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किए गए। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. मुकेश अहिरवार ने बताया कि इस अवसर पर महाविद्यालय में विभिन्न गतिविधियां जैसे-निबंध, भाषण, चित्रकला, रंगोली प्रतियोगिता और पैदल यात्रा का आयोजन किए गए, जिसमें महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने सहभागिता की।**




भगवान विरसा मुंडा जयंती के समापन समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संयुक्त कलेक्टर शैलेंद्र सिंह और अध्यक्षता संस्था प्राचार्य डॉ.के.सी.जैन रहे। डॉ.केसी जैन ने भगवान विरसा मुण्डा के जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसीक्रम में संयुक्त कलेक्टर शैलेंद्र सिंह ने सम्बोधित कर कहा कि जिला टीकमगढ में आदिवासी जनजातीय के समुदाय के लोग रहते है।

इन सभी को शासन की योजनाओं की जानकारी देना चाहिए, ताकि उन्हे योजनाओ का लाभ मिले। साथ ही कहा कि इनके बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम का संचालन डॉ.राम मनोहर अहिरवार के द्वारा किया गया। अतिथियों का आभार डॉ.मुकेश कुमार अहिरवार ने किया। भगवान विरसा मुण्डा जयंती के एक पखवाड़ा चले कार्यक्रम में डॉ एबी खरे, डॉ.कौशलेश पाठक, डॉ.आस्था द्विवेदी, डॉ प्रतीक्षा चौबे, डॉ राजेश सैनी, प्रो प्रियंका दांगी और प्रो रजनी राय का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय में विभिन्न गतिविधियां जैसे-निबंध, भाषण, चित्रकला, रंगोली प्रतियोगिता और पैदल यात्रा का आयोजन किए गए, जिसमें महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने सहभागिता की।

# ग्राम सोरयाना में गौरव दिवस पर कार्यक्रम संपन्न

**कृषि विज्ञान के तत्वावधान में हुआ आयोजन**

**ग्रामीण प्रगतिशील किसानों एवं युवाओं ने लिया भाग**

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़ कृषि विज्ञान केन्द्र टीकमगढ़ द्वारा जनजातीय गौरव दिवस पर ग्राम सोरयाना में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बीएस किरार के मार्गदर्शन में साथ ही केंद्र के वैज्ञानिक डॉ आरके प्रजापति, डॉ. सुनील कुमार जाटव, डॉ. एसके सिंह द्वारा जनजातीय समुदाय के लोगों को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर आदिवासी वीर योद्धा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर ग्रामीणों, प्रगतिशील किसानों, महिला समूहों तथा युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।**




इस अवसर पर वैज्ञानिकों ने उनके जीवन, संघर्ष और समाज सुधार के कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बिरसा मुंडा न केवल आजादी के महान नायक थे, बल्कि आदिवासी समाज को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने में अग्रणी रहे।डॉ. किरार द्वारा बताया कि कृषि विज्ञान केन्द्र जनजातीय क्षेत्र में कृषि विकास की संभावनाओं, सतत खेती, मृदा स्वास्थ्य, प्राकृतिक खेती, पोषण वाटिका, जल संरक्षण तथा आजीविका उन्नयन पर विस्तृत जानकारी दी।

किसानों को रबी फसलों के उन्नत बीज, बीज उपचार तकनीक, जैविक उत्पादों के उपयोग और फसल संरक्षण उपायों के बारे में बताया गया।महिला किसानों को पोषण-सुरक्षा से जुड़ी तकनीकों तथा घर-आधारित उद्यमों की जानकारी दी गई। युवाओं को कृषि-आधारित रोजगार, आत्मनिर्भरता और कौशल विकास कार्यक्रमों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में मौजूद किसानों ने बताया कि ऐसे आयोजनों से उन्हें नई तकनीकें सीखने और अपनी खेती को लाभकारी बनाने में मदद मिलती है। अंत में सभी प्रतिभागियों को स्वच्छता, जल-संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण हेतु रैली निकाली गई।इस प्रकार जनजातीय गौरव दिवस पर आयोजित यह कार्यक्रम आदिवासी नायक बिरसा मुंडा के आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाने और कृषि क्षेत्र में जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाने की दिशा में एक सार्थक पहल साबित हुआ। कृषि विज्ञान केन्द्र टीकमगढ़ द्वारा जनजातीय गौरव दिवस पर ग्राम सोरयाना में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों ने इस अवसर पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

**भंडारा** | **काल भैरव मंदिर परिसर में चल रहा था अनुष्ठान**

# विशाल भंडारे के साथ धार्मिक कार्यक्रम का समापन

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। शहर के लगभग 500 साल पुराने श्री काल भैरव मंदिर में बुधवार को भैरव अष्टमी समारोह पर शुरू हुए धार्मिक आयोजनों का रविवार को विशाल भंडारे के साथ समापन किया गया। पिछले मंगलवार को पीठ पूजन के साथ इस तीन दिवसीय महोत्सव की शुरुआत की गई थी। भैरव अष्टमी के अवसर पर बुधवार को प्रतिमा का रुद्राभिषेक किया गया। शाम को विशेष आकर्षक श्रृंगार के साथ महाआरती उतारकर 56 भोग का प्रसाद भगवान को अर्पित किया गया।**



भगवान श्री काल भैरव की यह एकमात्र प्रतिमा है जिसकी ऊंचाई लगभग 7 फीट है। वरिष्ठ इतिहासकार केपी त्रिपाठी के अनुसार जब प्रतिमा का निर्माण हुआ था तब इसे स्थापित करना कठिन हो रहा था। उस समय तत्कालीन महाराज प्रताप सिंह ने महाराष्ट्र से पालेकर ब्राह्मणों को आमंत्रित किया था जिन्होंने तांत्रिक मंत्रों के माध्यम से प्रतिमा को स्थापित किया। काल भैरव की यह आदमकद प्रतिमा एकासन पर स्थित है और ताल दरवाजा स्थित यह मंदिर भक्तों की आस्था का प्रमुख केंद्र है। मंदिर के पुजारी मोहनराव पालेकर ने बताया कि काल भैरव महाराज की प्रतिमा लगभग 500 साल पुरानी है। उनके पूर्वज रघुनाथ राव को महाराष्ट्र से बुलाया गया था जिन्होंने अपने मंत्रों से इस प्रतिमा को स्थापित किया था। मोहनराव पालेकर वर्तमान में नौवीं पीढ़ी के रूप में काल भैरव की पूजा-अर्चना कर रहे हैं। उनके परिवार की पीढ़ियां लगभग 500 वर्षों से इस मंदिर में सेवा कर रही हैं। शहर के लगभग 500 साल पुराने श्री काल भैरव मंदिर में रविवार को भैरव अष्टमी समारोह कार्यक्रम के अंतिम दिवस कन्या पूजन के साथ साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत मंगलवार को पीठ पूजन के साथ की गई थी। भैरव अष्टमी के अवसर पर बुधवार को प्रतिमा का रुद्राभिषेक किया गया। शाम को विशेष आकर्षक श्रृंगार के साथ महाआरती उतारकर 56 भोग का प्रसाद भगवान को अर्पित किया गया। इस तीन दिवसीय महोत्सव को लेकर भक्तों में उत्साह देखने को मिला है। काल भैरव मंदिर में सुवह शाम दोनों पहर सैकड़ों भक्तों का आना-जाना लगा रहता है। भक्त काल भैरव की पूजा अर्चना में अपनी अहम भागीदारी निभाते है।

### रोजाना लगता भक्तों का तांता

पुजारी के अनुसार प्रतिमा की प्रतिष्ठा के बाद मंदिर पर छत डालने का प्रयास किया गया था लेकिन यह संभव नहीं हो सका। ऐसी मान्यता है कि काल भैरव ने तत्कालीन पुजारी को स्वप्न में बताया था कि वे किसी प्रकार का बंधन नहीं चाहते हैं। यहां रोजाना भक्तों का दोनों पहर तांता लगता है।

## ऑनलाईन आवेदनों के लिए 2 दिन शेष

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। पिछड़ा वर्ग विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजनाअंतर्गत वर्ष 2025 हेतु रिक्त 17 सीटों के लिये चयन हेतु पात्र अभ्यर्थियों के आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। जिसके अनुसार ऑनलाईन आवेदनों की अंतिम तिथि 19 नवम्बर 2025 निर्धारित है।**

योजनांतर्गत आवेदन मध्यप्रदेश स्टेट स्कॉलरशित पोर्टल 2.0 पर के माध्यम से संशोधित विज्ञप्ति प्रकाशन 19.11.2025 तक अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये निगम की वेबाईट से प्राप्त की जा सकती है। पिछड़ा वर्ग विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजनाअंतर्गत वर्ष हेतु रिक्त 17 सीटों के लिये चयन हेतु पात्र अभ्यर्थियों के आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। जिसके अनुसार ऑनलाईन आवेदनों की अंतिम तिथि 19 नवम्बर निर्धारित है।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का सम्मान




**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के समापन वर्ष जनजातीय गौरव दिवस के अंतर्गत जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मनित करनें, स्वतंत्रता संग्राम और सांस्कृतिक विरासत में उनके योगदान को याद करनें तथा जनजातीय क्षेत्रों के सामाजिक आर्थिक विकास को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।**

इसीक्रम में जनजातीय गौरव दिवस पर बल्देवगढ़ ब्लॉक की जनजातीय वर्ग की 59 ग्राम पंचायतों में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत विशेष ग्राम सभा आयोजित की गई। ग्राम सभाओ में आदिवासी समाज के प्रतिनिधि, आदिवासी महिलाएं, सरकारी अधिकारी, पंचायती राज विभागों के लोग हिस्सा शामिल हुए। ग्राम सभा के दौरान स्वास्थ्य, स्वच्छता और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मनित करनें, स्वतंत्रता संग्राम और सांस्कृतिक विरासत में उनके योगदान को याद करनें कार्यक्रम हुआ।